## जयंत चौधरी की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी, केस दर्ज

**बागपत:** रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत चौधरी की पत्नी पर फेसबुक के जरिए आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईटी अधिनियम में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। रालोद के पूर्व विधायक वीरपाल राठी ने आरोप लगाया कि टिप्पणी करने वाले सभी युवक भाजपा से जुड़े हैं। ये हर रोज किसी भी बड़े नेता के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करते हैं...



दिव्य हिमाचल epaper.divyahimachal.com

# ममता के मंच पर विपक्ष एकजुट

## 15 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की भरी हुंकार, भाजपा नेताओं ने भी दिखाए बागी तेवर



**एजेंसियां-कोलकाता**

आगामी लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी दलों को साथ लाने की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कवायद के तहत शनिवार को कोलकाता में आयोजित विशाल रैली में 15 प्रमुख विपक्षी दलों के नेता एक मंच पर नजर आए और उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की हुंकार भरी।

आयोजक के रूप में एक तरह से इस रैली की अगवाई कर रही ममता ने कहा कि मोदी सरकार की 'एक्सपायरी डेट (उपयोग करने की अवधि) आ गई है। उन्होंने कहा कि राजनीति में शिष्टता होती है, लेकिन भाजपा इसका पालन नहीं करती और जो भाजपा के साथ नहीं होता, उसे वे चोर बता देते हैं। रैली में ममता ने 'बदल दो, बदल दो, दिल्ली की सरकार बदल दो का नारा भी दिया। संयुक्त विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के मुद्दे पर ममता ने कहा कि विपक्षी दल एक साथ मिलकर काम करने का वादा करते हैं और प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर फैसला लोकसभा चुनाव के बाद होगा। जनसैलाब की मौजूदगी में हुई इस रैली में पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल सेक्यूलर प्रमुख एचडी देवेगौड़ा, तीन वर्तमान मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू (तेदेपा), एचडी कुमारस्वामी (जनता दल सेक्यूलर) और अरविंद केजरीवाल (आप), छह पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव (सपा), फारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला (दोनों नेशनल कान्फ्रेंस), बाबूलाल मरांडी (झारखंड विकास मोर्चा), हेमंत सोरेन (झारखंड मुक्ति मोर्चा) और इसी हफ्ते भाजपा छोड़ चुके गेगांग अपांग, आठ पूर्व केंद्रीय मंत्री मल्लिकार्जन खड़गे (कांग्रेस), शरद यादव (लोकतांत्रिक जनता दल), अजित सिंह (रालोद), शरद पवार (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी), यशवंत सिन्हा, अरुण शौरी, शत्रुघ्न सिन्हा और राम जेठमलानी ने हिस्सा लिया। इनके अलावा, राजद नेता एवं बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, बसपा सुप्रीमो मायावती के प्रतिनिधि एवं राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्रा, पाटीदार आरक्षण आंदोलन के नेता हार्दिक पटेल और जानेमाने दलित नेता एवं गुजरात के निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी भी मंच पर नजर आए।

## भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से डरकर हुए एक



**सिलवासा।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की अगवाई में कोलकाता में विपक्ष के मेगा शो पर पीएम नरेंद्र मोदी ने जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से डरकर सब एक हुए हैं। मोदी ने कहा कि यह महागठबंधन की कोशिश मोदी के खिलाफ ही नहीं, बल्कि देश की जनता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इनकी दुनिया अपने परिवार, भाई-भतीजे को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। इन लोगों की दुनिया मोदी से नफरत से शुरू होती है और मोदी को गालियां देकर खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि मेरी दुनिया सवा सौ करोड़ देशवासियों के संकल्प के साथ शुरू होती है और उन्हीं पर खत्म होती है। पीएम ने कहा कि जिस बंगाल में राजनीतिक दल को कार्यक्रम करने से रोक लगा दी जाती हो, लोकतंत्र का गला घोट दिया जाता हो, जब वहां लोकतंत्र बचाने की बात होती है तो मुंह से निकलता है- वाह क्या सीन है।पीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यही साफ नीयत और स्पष्ट नीति इनको जरा खटक रही है। इनको तकलीफ हो रही है। इन्हें दिक्कत है कि मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ इतनी कड़ी कार्रवाई क्यों कर रहा है।

## शत्रुघ्न पर कार्रवाई के संकेत

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ममता बनर्जी की रैली को 'राजनीतिक अवसरवादिता' बताया और मंच पर पार्टी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा की मौजूदगी का संज्ञान लेते हुए उन पर कार्रवाई के संकेत दिए। भाजपा प्रवक्ता राजीव प्रताप रूडी ने शत्रुघ्न सिन्हा पर कार्रवाई के संकेत देते हुए कहा कि पार्टी ने इस घटना का संज्ञान लिया है और जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। जिस प्रकार से उनकी गतिविधि है, अब तो पार्टी संज्ञान ले चुकी है और मुझे लगता है कि पार्टी कदम उठाएगी। उन्होने आरोप लगाया कि कुछ लोग सांसदों को मिलने वाली सुविधाएं लेने के लिए सिर्फ भाजपा का ठप्पा लगाकर घूमना चाहते हैं।

## सच कहना बगावत तो मैं बागी हूं

**कोलकाता** में रैली को संबोधित करते हुए शत्रुघ्न सिन्हा ने यह साफ कर दिया कि उन्हें बीजेपी से निकाले जाने का कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि सच कहना बगावत है, तो मैं बागी हूं। मैं देश के लोगों के प्रति जवाबदेह हूं। वह सिर्फ पार्टी को 'आईना दिखाने के प्रयास' में रैली में आए हैं।

## एक नजर

### मैक्सिको में पाइपलाइन में आग, 20 जिंदा जले

**मैक्सिको सिटी।** मध्य मैक्सिको में ईंधन के एक पाइपलाइन में भीषण आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 54 लोग घायल हो गए। यह जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन में रिसाव हो रहा था। हिडाल्गो के गवर्नर उमर फयाद ने बताया कि स्थानीय लोग पाइपलाइन से हो रहे रिसाव वाले स्थान पर तेल चुराने के लिए जमा थे, तभी आग लग गई, जिससे 20 लोगों की जलकर मौत हो गई।

### लीबिया में झड़पें 13 की जान गई

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में इस सप्ताह सशस्त्र लड़ाकों की हिंसक झड़पों में 13 लोगों की मौत हो गई और 52 अन्य घायल हो गए। लीबिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बुधवार को शुरू हुई हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है, जबकि महिलाओं और बच्चों समेत 52 लोग घायल हुए हैं।

### अफगानिस्तान में टॉप आईएस कमांडर धरा

**मैमाना।** अफगानिस्तान के उत्तरी फारयाब प्रांत की राजधानी मैमाना में सुरक्षाबलों ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के एक शीर्ष कमांडर को गिरफ्तार किया। सेना के प्रवक्ता अब्दुल हादी जमाल ने यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने बताया कि यह कमांडर एक आम आदमी के वेश में रह रहा था और उसकी योजना कहीं और स्थान पर जाने की थी, लेकिन सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर उसे धर दबोचा।

### अल शबाब के 73 आतंकी मार गिराए

**मोगादिशु।** दक्षिणी सोमालिया में आज सेना ने जोरदार अभियान चलाते हुए अल शबाब संगठन के 73 आतंकवादियों को ढेर कर दिया और उनके अनेक वाहनों को भी नष्ट कर दिया।

### नवाज शरीफ अस्वस्थ

**लाहौर।** शहर के कोट लखपत जेल में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की स्वास्थ्य जांच करने वाले मेडिकल बोर्ड का कहना है कि वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हैं तथा उनके अभी और मेडिकल टेस्ट जरूरी हैं। सभी रिपोर्ट आने के बाद ही उनका इलाज शुरू हो पाएगा।


150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# एन.एस.एस.ओ.

आइए एन.एस.एस.ओ. सर्वेक्षण में भाग लेकर देश के विकास में अपना योगदान दीजिए

NSSO
नैशनल सैम्पल सर्वे ऑफिस
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
भारत सरकार

जन-कल्याण की योजनाएं बनाने और लागू करने के लिए सरकार विभिन्न आंकड़ों का इस्तेमाल करती है। एन. एस. एस. ओ. जन-कल्याण से जुड़े ऐसे मुद्दों पर सर्वे कर इन पर आंकड़े इकट्ठा करता है। वर्तमान सर्वे में एन. एस. एस. ओ. निम्न मुद्दों पर सूचनाए इकट्ठा कर रहा है:

- कृषक परिवारों की स्थिति, भूसंपत्ति एवं पशुधन, आदि
- समय उपयोग



एन. एस. एस. ओ. द्वारा ली गई गयी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी, जिसका प्रयोग केवल योजना, नीति निर्धारण तथा अनुसंधान जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

एन. एस. एस. ओ. के अधिकारी जानकारी प्राप्त करने के लिए चुने गए परिवारों से संपर्क करेंगे। कृपया इन अधिकारियों के साथ सहयोग करते हुये सही तथा पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं और देश के विकास में अपना योगदान दें।

davp 39102/13/0012/1819


## बर्गर के लिए लाइन में लगे बिल गेट्स



**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-नई दिल्ली**

सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के सबसे अमीर शख्स लाइन में खड़े दिख रहे हैं। वह काफी वक्त तक दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में टॉप पर भी रह चुके हैं, लेकिन अचानक जब वे बर्गर, फ्राइज और कोक के लिए लाइन में खड़े दिखे तो कई लोग चौंक गए। ऐसा करने वाले शख्स का नाम है- बिल गेट्स। माइक्रोसॉफ्ट के एक पूर्व कर्मचारी ने इस फोटो को फेसबुक पर शेयर किया है। तस्वीर में वह अमरीका के सिएटल में एक बर्गर ज्वाइंट के बाहर खड़े दिख रहे हैं। वह भी महज आठ डालर (करीब 500 रुपए) के बर्गर-फ्राई और कोक के लिए। इस तस्वीर को पहले माइक्रोसॉफ्ट एलुमनी ग्रुप में पोस्ट किया गया था। बिल गेट्स इस वक्त अमेजन के मालिक जेफ बेजॉस के बाद दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनकी संपत्ति 68,68,98 करोड़ रुपए है। फेसबुक पर माइक गैलोस नामक पूर्व माइक्रोसॉफ्ट कर्मचारी ने इस फोटोग्राफ को शेयर किया। उन्होंने लिखा कि जब आपके पास 100,000,000,000 डालर हों और आप दुनिया की सबसे बड़ी चैरिटी चला रहे हों और फिर भी बर्गर-फ्राइस और कोक के लिए हमारी ही तरह लाइन में लगे हैं। गैलोस ने आगे लिखा है कि अमीर लोग इस तरह से बर्ताव करते हैं न कि सोने की टॉयलट सीट पर बैठने वाले और व्हाइट हाउस के संभावित उम्मीदवारों की तरह।

गैलोस ने इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी निशाना साधा, जिनकी वजह से अमरीका में शटडाउन ने एक नया इतिहास बना डाला है। इस पोस्ट को अब तक 16,000 से ज्यादा बार शेयर किया जा चुका है।


# MY STAMP

"My Stamp" is the brand name for personalised sheets of Commemorative Postage Stamps of India Post. The personalisation is achieved by printing a thumb nail photograph of the customer images and logos of institutions, or images or artwork, heritage buildings, famous tourist places, historical cities, wildlife, other animals and birds etc., alongside the selected Commemorative Postage Stamp.

2. Customer can get his/her photograph clicked at the sport or provide the same in hard/soft copy.
3. Corporate customers-minimum 100 stamps sheets will be mandatory.
4. My Stamps Charges-Rs.300/- per sheet containing 12 stamps
5. Discount Structure:-

| Sl | No. of Sheets | Discount Structure |
|---|---|---|
| 1 | Purchase of 2-100 My Stamp Sheetlets | 10% discount |
| 2 | Purchase of more than 100 My Stamp Sheetlets | 20% discount |

For Further Details, You May Contact:

Incharge Philately Bureau
SHIMLA GPO
Tel.: 0177-2652491, 2652472

Incharge Philately Bureau
DHARAMSALA HO
Tel.: 01892-222912









Issued by: Chief Postmaster General, HP Circle, Shimla (HP) - 171009